# वोट करेगा चित्रकूटः सभी को दिलाई गई शपथ

## डीएम बोले-जिले में जारी हैं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास, लोग जरूर करें मताधिकार का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


मतदाता जागरुकता शपथ लेते अधिकारी एवं शिक्षक व अन्य। अमृत विचार


जायजा लेते डीएम व एसपी।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद की मौजूदगी में बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में युवाओं सहित अन्य मतदाताओं को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर विद्यार्थियों ने वोट करेगा चित्रकूट 20 मई 2024 का आकर्षक चित्र भी बनाया।

डीएम ने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। जागरूकता कार्यक्रम भी कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर छाया, पानी आदि की व्यवस्था भी कराई गई है कि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि महिला मतदाताओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, एएनएम व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मतदान के लिए जागरूक कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि 20 मई को मतदान जरूर करें। एडीएम उमेश चंद्र निगम, राजेश प्रसाद, सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मोहम्मद जसीम, आलोक सिंह, बीएएसए लव प्रकाश यादव, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार, ईओ लालजी, अविनाश चंद्र झा, यात्री कर अधिकारी संतोष कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार मंगल सिंह, के अलावा छात्र-छात्राएं, शिक्षक आदि मौजूद रहे।

# हर घर पहुंचे मतदाता पर्ची और न्यौता

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- मतदाता जागरुकता अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर पंचायत सभागार में संगोष्ठी हुई। इसमें उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बीएलओ को हिदायत दी कि हर घर मतदाता पर्ची व आमंत्रण पत्र जरूर पहुंचे। एसडीएम ने तहसील क्षेत्र के 197 बूथों में व्यवस्थाओं, सुविधाओं की समीक्षा की।

एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता की उत्साह के साथ भागीदारी होनी चाहिए। मतदाता पर्ची वितरित करते समय बीएलओ संबंधित मतदाता का मोबाइल नंबर अपने रजिस्टर में दर्ज करें, जिससे सत्यापन किया जा सके। बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर वोटर असिस्टेंट बूथ बनाने और इस पर बीएलओ की उपस्थिति तथा मतदाता सूची की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की व्यवस्था की गई है। बीएलओ को निर्देशित किया कि चुनाव के 24 घंटे पहले हर मतदाता की पर्ची शतप्रतिशत वितरित हो जानी चाहिए। उप जिलाधिकारी ने पिछले लोकसभा चुनाव में कम मतदान वाले वार्ड नंबर चार कारखाना व वार्ड नंबर सात माधोगंज में लोगों को जागरूक किया। उप जिलाधिकारी न्यायिक फूलचंद्र यादव, नायब तहसीलदार राजीव दुबे, ईओ बीएन कुशवाहा, बीएलओ ऊषा जयसवाल, राजरानी रैकवार, हसीना, नीतू सोनकर, वर्षा देवी, संजय पांडेय, पूनम गुप्ता, स्नेहलता, स्वरूप रानी आदि मौजूद रहे।



लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते उप जिलाधिकारी। अमृत विचार

# पोलिंग पार्टियों की रवानगी की व्यवस्था देखी

- ईओ से जीजीआईसी में पार्किंग व्यवस्था कराने को कहा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने चित्रकूट इंटर कॉलेज में पोलिंग पार्टियों की रवानगी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईओ को निर्देशित किया कि जीजीआईसी में पार्किंग व्यवस्था कराएं और पार्किंग साइनबोर्ड लगवाएं। 12 काउंटर कर्वी व 11 काउंटर मानिकपुर के लिए बनावाने और बैरिकेडिंग कराने के भी निर्देश दिए। एआरटीओ प्रवर्तन से कहा कि 18 मई को सभी वाहन समय से पहुंच जाएं। पुलिसकर्मियों का काउंटर चित्रकूट बाल विद्यालय की ओर बनाया जाए। उन्होंने चालकों के लिए पांडाल में कुर्सी लगवाने, हर काउंटर में बूथवाइज बैनर, मेडिकल कैंप, ओआरएस घोल, पानी के टैंकर व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिए। डीएम ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर स्थल सीतापुर में स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाएं देखीं और निर्देश दिए कि काउंटर के पास से कोई भी सामान्य व्यक्ति नहीं घुसना चाहिए। इस अवसर पर एसपी अरुण कुमार सिंह, एडीएम उमेश चंद्र निगम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लापता किशोरी की गला घोटकर हत्या, झाड़ियों में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- रैपुरा थाना क्षेत्र के पैकोरा माफी गांव का मामला



**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति की एक किशोरी का शव झाड़ियों में पड़ा मिला। किशोरी शौच के लिए निकली थी और फिर वापस नहीं पहुंची। मौके पर पहुंचे एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उसकी गला घोटकर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे कुछ कहा जा सकेगा।

मामला रैपुरा थानांतर्गत पैकोरा माफी गांव का है। यहां के निवासी छेदीलाल की लगभग 17 वर्षीया बेटी मंगलवार की रात घर से कुछ दूरी पर शौच के लिए गई थी। परिजनों ने बताया कि जब वह देर तक नहीं पहुंची तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। इसके बाद भी पता नहीं चला। थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। बुधवार को ग्रामीणों ने उसका शव पास के खेतों में झाड़ियों के बीच पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। पुलिस को भी सूचित किया गया। इस पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी अरुण कुमार सिंह ने भी मौका मुआयना किया। उन्होंने बताया कि छेदीलाल ने सुबह थाने में सूचना दी थी कि उसकी बेटी मंगलवार की रात लगभग दस बजे शौच के लिए निकली थी और घर नहीं पहुंची। बुधवार दोपहर को घर से लगभग डेढ़ सौ मीटर दूर झाड़ियों और खेतों के बीच उसका शव मिला है। प्रथमदृष्टया किशोरी का गला घोटकर हत्या की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आगे कुछ और कहा जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मिशन कम्पाउंड में वाहन खड़ा करने की शिकायत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के धुपकली तालाब के पास स्थित मिशन कम्पाउंड की प्रबंधक आनंदी इंदर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मिशन कम्पाउंड के अंदर रहने वाले एल्लियाह पॉल मिशन कम्पाउंड के अंदर अवैध तरीके से वाहन खड़ा करवाता है। बताया कि जब वाहन खड़ा करने के लिए मना किया जाता है तो जान से मारने की धमकी देता है तथा गाली गलौज करता है। कहा कि आरोपी अपने आपको प्रबंधक बताता है और अवैध फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी देता है। पीड़िता ने कोतवाली में कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

# प्रधानाध्यापक पर शिक्षकों से अभद्रता का आरोप

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

- राशिसं के प्रांतीय सचिव ने भेजा शिक्षा निदेशक को पत्र

**अमृत विचार।** राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद पांडेय ने राजकीय हाईस्कूल असोह के प्रधानाध्यापक पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिक्षा निदेशक (मा.) को शिकायती पत्र भेजा है। उनका कहना है कि वह शिक्षकों से अभद्र व्यवहार करते हैं।

पत्र में राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ने राजकीय हाईस्कूल असोह के सहायक अध्यापक अनिल कुमार को कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक बताते हुए कहा है कि उनके संबंध में प्रधानाध्यापक ने उनके (शिक्षा निदेशक) के अलावा डीआईओएस और डीएम को पत्र भेजा है। शिक्षक नेता ने मांग की है कि प्रधानाध्यापक की जांच संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी मंडल से कराई जाए। उन्होंने प्रधानाध्यापक पर सप्ताह में दो दिन गायब रहने, गरीब छात्रों से निर्धारित शुल्क से ज्यादा लेने का भी आरोप लगाया है। कहा कि अपनी कमियां को छिपाने के लिए दूसरों को दोषी ठहराया जा रहा है। उधर, इस संबंध में प्रधानाध्यापक का पक्ष नहीं जाना जा सका।

## सार-संक्षेप


चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते किसान। अमृत विचार

### पुण्यतिथि पर पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस मनाया

**चित्रकूट।** किसानों ने बुधवार को पुण्यतिथि पर चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को याद किया। लवेद खंडेहा किसान चौराहे पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अन्य जगहों पर भी किसान नेता को श्रद्धांजलि दी गई। भाकियू ने इस दिन को पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के रूप में मनाया। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि टिकैत युगपुरुष थे, जिनका संकल्प था जल जंगल जमीन पर्यावरण बचाओ। तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने चिंता जताई कि जिले में जल एवम् जंगल का दोहन किया जाता है। बताया कि एक दशक से भारतीय किसान यूनियन प्रशासन को लगातार इस बात के लिए सचेत करता आ रहा है। कई बार वन विभाग को ज्ञापन दिया लेकिन विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने कहा कि यदि वन कटान होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब लोग बारिश के पानी, शुद्ध वातावरण को तरसेंगे। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने खरीद केंद्रों पर समय से सचिवों के न जाने पर रोष जताया। एक बीज भंडार की जांच करने की भी मांग की। किसानों ने पुण्यतिथि पर संकल्प लिया कि जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण को बचाने में सहयोग करेंगे। इस मौके पर हुए कार्यक्रमों में जिला मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, राममूरत नामदेव, वीरेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, अर्जुन सिंह, शत्रुघ्न सिंह, नरेश तिवारी, बद्री प्रसाद, विजय कुमार, शिव सिंह, नरेश सिंह, रामेश्वर, श्रीकेशन, कमलेश, रामशरण राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब बरामद

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग रमेश सिंह ने अजय सोनी पुत्र भाऊराम निवासी शिवरामपुर सोनारनपुरवा को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके विरुद्ध कोतवाली में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** महिला थाना की पुलिस टीम ने पति-पत्नी के बीच सुलह कराई। सुनीता पुत्री भइयालाल निवासी मुकुंदपुर थाना भरतकूप ने पति आदित्य पुत्र रामाश्रय निवासी चित्रकूट पर मारपीट, गालीगलौज का आरोप लगाते हुए महिला थाने में शिकायत की थी। इस पर पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझाया। दोनों पक्षों ने भविष्य में लड़ाई न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। पुलिस टीम में एसआई संतोष कुमार त्रिपाठी और आरक्षी दीपिका सिंह शामिल रहीं।


बैठक करते राष्ट्रीय शैक्षिक संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### सुप्त समाज को जगाए रखना ही शिक्षक का दायित्व

**बांदा।** राष्ट्रीय शैक्षिक संगठन इकाई के तत्वाधान में आयोजित संकुल क्षेत्र की वार्षिक बैठक में शिक्षकों को कर्तव्य का बोध कराया गया। कहा कि सोए समाज को जगाए रखना हरेक शिक्षक का दायित्व है। टीचर सोसाइटी चुनाव में सदस्य अभियान करेगा और चुनाव भी लड़ेगा। तिंदवारी ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) में राष्ट्रीय शैक्षिक संगठन इकाई के तत्वाधान में संकुल क्षेत्र के शिक्षकों की बैठक के साथ कर्तव्य बोध प्रशिक्षण आयोजित हुआ। संगठन अध्यक्ष संतोष सिंह कछवाह ने कहा कि कार्यपद्धति में सकारात्मक सोच और कर्तव्यों के पालन के साथ ही शिक्षक पीढ़ियां तराशने का कार्य कर सकता है। कर्त्तव्य बोध की भावना व्यक्ति, परिवार और समाज सभी में जागृति होगी तो देश महान बनेगा। कर्तव्य-बोध से तात्पर्य है आत्मप्रेरणा से संवेदनापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करना। शिक्षक का दायित्व है कि वो सोए हुए समाज को लगातार जगाए रखें। महामंत्री धनंजय सिंह प्रजापति व उपाध्यक्ष विश्राम सिंह ने शिक्षकों से कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही तरीके से करें। समय से स्कूल आएं। बताया गया कि 18 मई से 18 जून तक होने वाले ग्रीष्म अवकाश में अपने स्कूल के रखरखाव को अच्छे से रखें। प्रचार मंत्री मातादीन प्रजापति व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि टीचर सोसाइटी चुनाव में संगठन भागीदारी करेगा। चेतावनी दी कि शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


समर कैंप में मस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

# ज्ञानस्थली के बच्चों ने पूल पार्टी का उठाया लुत्फ

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** दो दिवसीय समर कैंप में तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं ने धमाल मचाया। खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ पूल पार्टी का जमकर लुत्फ उठाया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अतर्रा कस्बा स्थित तथागत ज्ञानस्थली सीसे स्कूल में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा अन्य विद्यालयों के बच्चों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। समर कैंप का उद्‌घाटन राजाबाई कुशवाहा ने फीता काटकर किया। इस दौरान बच्चों ने वेलकम टू समर कैंप के नारे लगाते हुए खूब आनंद उठाया।

# सीबीएसई दसवीं में 93 प्रतिशत अंक पाए हर्षिता ने


हर्षिता।

**हमीरपुर।** मुख्यालय स्थित अवतार मेहर बाबा शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत हर्षिका स्वर्णकार ने सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में 93 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया गया।हर्षिका ने बताया कि उसकी सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं माता-पिता को जाता है। बताया प्रतिदिन विद्यालय के अतिरिक्त 5 से 6 घंटे पढ़ाई करने पर अपने किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कहा वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य केके द्विवेदी एवं उप प्रधानाचार्य बुशरा खान ने हर्षिका के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बांध में पानी की कमी से मर रहीं मछलियां

कार्यालय, चित्रकूट


जलाशय में पानी कम होने की कही जा रही बात। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रैपुरा में बने गुंता बांध जलाशय का पानी छोड़े जाने पर मछली ठेकेदार ने मछलियों के मरने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि इससे उसे घाटा हो रहा है।

ठेकेदार राजेश कुमार ने बताया कि नहर विभाग के जेई द्वारा बिना आवश्यकता 25 अप्रैल से बांध का पानी नहरों के लिए खोल दिया गया है। ऐसे में जलाशय में पानी कम होने से रोजाना मछलियां मर रही हैं और उसे तगड़ा घाटा हो रहा है। बताया कि बांध में बनी पानी की टंकी के जरिए भी आपूर्ति की जा रही है। उधर, बांध में लगातार पानी कम हो रहा है।

ठेकेदार का कहना है कि इस समय सिंचाई का भी मौसम नहीं है। जानवरों को भी पानी के लिए दो-तीन दिन ही पानी खोलना पर्याप्त है। आरोप लगाया कि एक माह से ज्यादा का समय हो गया है पर पानी बंद नहीं किया जा रहा। अगर ऐसा ही चलता रहा तो मछलियां और ज्यादा संख्या में मर जाएंगी।

### बंद कर दिया गया पानी- जेई

उधर, इस संबंध में सिंचाई निर्माण खंड के जेई हिमांशु शुक्ला ने आरोपों को गलत बताया। उनका कहना था कि ठेकेदार को अगर घाटा हो रहा है तो एक्सईएन से मिलकर अपनी बात कहे। बताया कि नहरों को खोलने न खोलने का रोस्टर प्रशासन स्तर से तय होता है। डैम से पानी खोलने या बंद करने में उनकी कोई भूमिका नहीं है। बताया कि भीषण गर्मी के मद्देनजर ग्रामीणों, उनके मवेशियों आदि को पानी उपलब्ध कराने के लिए पानी छोड़ा गया था। बताया कि यह 17 मई तक खोला जाना था पर अब इसे 15 मई से ही बंद कर दिया गया है।

**हालात** प्रयागराज और चित्रकूट की सीमा को जोड़ने वाले जर्जर नाले की पुलिया पर आए दिन हो रहीं घटनाएं, जिम्मेदर नहीं दे रहे ध्यान

# जान हथेली पर रखकर बुंदेला नाला पार कर रहे बुंदेलखंडी

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)


इसी जर्जर पुलिया से होकर आते-जाते हैं लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास के दावों- के बीच कई जगहों की उपेक्षा इन पर विश्वास न करने को बाध्य करती है। बुंदेला नाले की तस्वीर भी ऐसी ही है। कई दशकों से अपने जीर्णोद्धार होने की बाट जोह रहा बुंदेला नाले की पुलिया चुनाव आते ही चर्चा में जरूर आ जाती है पर उसके बाद जिम्मेदारों की सोच के परिदृश्य से हट भी जाती है।

प्रयागराज और चित्रकूट की सीमा को जोड़ने वाले इस जर्जर बुंदेला नाले की पुलिया पर आयेदिन घटनाएं होती हैं। लोग जान हथेली पर रखकर निकलते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि वैसे तो बुंदेला नाला एक बरसाती नदी की मानिंद है, जो शंकरगढ़ की पहाड़ियों से निकल कर प्रयागराज के लालापुर थानांतर्गत प्रतापपुर के पास यमुना नदी में मिल जाती है। पर इस क्षेत्र में आवागमन बहुत ज्यादा होने की वजह से इस पुलिया के जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। प्रयागराज से घूरपुर लालापुर होते हुए सड़क मऊ में मिलती है।

इस मार्ग से मऊ से प्रयागराज की दूरी लगभग बीस किलोमीटर कम हो जाती है। दोनों जनपदों को जोड़ने में सबसे बड़ी बाधा बुंदेला नाला अवरोध उत्पन्न करता है। बताते चलें कि प्रयागराज से प्रतापपुर तथा मऊ से प्रतापपुर तक सड़क बनी हुई है लेकिन प्रतापपुर के पास बुंदेला नाला पर पुल नहीं है, जिससे चढ़ाईनुमा रास्ते पर लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि सरकार ने बहुत पहले एक रपटा बनवाया था लेकिन वर्तमान में वह क्षतिग्रस्त है। थोड़ी सी भी बरसात में बुंदेला नाला उफान में आ जाता है, जिससे रपटे के ऊपर से पानी बहने लगता है ऐसे में लोग मजबूरी में जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं। नाला लगभग पचास गांवों के आवागमन को प्रभावित करता है। हजारों लोग जर्जर पुलिया से रोज बुंदेला नाला पार करते हैं।

### बच्चों को होती है परेशानी

शंकरगढ़ के प्राइवेट स्कूलों में स्थानीय बच्चे पढ़ते हैं ऐसे में जर्जर बुंदेला नाला पारकर वे किसी प्रकार से यात्रा करते हैं। बच्चों को सबसे ज्यादा बरसात में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुल बन जाने से इनकी भी मुश्किलें कम हो जाएंगी।


विष्णुदेव त्रिपाठी


अंकित द्विवेदी


रवि सिंह


नरेश बहादुर


प्रमोद केशरवानी


पप्पू बरहा।

### लोगों ने जताई नाराजगी

पुलिया निर्माण की उपेक्षा पर लोगों ने प्रशासन, कार्यदायी संस्था और जनप्रतिनिधियों पर नाराजगी जताई। सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु देव त्रिपाठी ने कहा कि वर्षों से बुंदेला नाला उपेक्षित रहा है। इस पर पुल का निर्माण कराया जाना चाहिए। छात्र नेता अंकित द्विवेदी कहते हैं कि हजारों लोग प्रतिदिन बुंदेला नाले से जान जोखिम में डालकर निकलते हैं। जनप्रतिनिधियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। पूरबपताई गांव निवासी रवि सिंह एडवोकेट ने भी बताया कि नाले पर सीधी चढ़ाई होने के कारण और सपाट रपटे के चलते आयेदिन हादसे होते रहते हैं। किसान नेता पूरब पताई निवासी नरेश बहादुर कहते हैं कि बुंदेला नाला पर पुल निर्माण अब जरूरी हो गया है। बरियारी कला के निवासी प्रमोद केसरवानी कहते हैं कि छोटे-छोटे बच्चे शंकरगढ़ पढ़ने जाते हैं उनकी चिंता लगी रहती है। समाजसेवी पप्पू बरहा ने आशा जताई कि बुंदेला नाले पर पुल बन जाने से इस रूट का तेजी से विकास होगा। लोग कम समय में प्रयागराज पहुंच सकेंगे।

### आधा हिस्सा प्रयागराज, आधा चित्रकूट में

गौरतलब है कि बुंदेला नाला का आधा हिस्सा प्रयागराज में तो आधा हिस्सा चित्रकूट में आता है। ग्रामीण कहते हैं कि शायद इसी वजह से पुल निर्माण में जनप्रतिनिधियों ने रुचि नहीं ली। बुंदेला नाला पर यदि पुल बन जाता है और सड़कों को दुरुस्त कर दिया जाए तो मऊ से प्रयागराज आवागमन का यह सुगम मार्ग हो जायेगा लोग बिना किसी जोखिम के कम दूरी और कम समय में प्रयागराज आ जा सकेंगें।

# मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**राजापुर (चित्रकूट)।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्की में पयस्वनी नदी के किनारे स्थापित हनुमानजी की प्राचीन मूर्ति की आंख से इन दिनों आंसू निकलने की चर्चा है। मंदिर में आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# सरकार बनी तो बुंदेलखंड को पृथक राज्य बनाएंगे: मायावती

## बसपा सुप्रीमो ने खेला आरक्षण कार्ड, कहा-दलितों व पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालने का षड्यंत्र कर रही भाजपा सरकार

कार्यालय संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

- मोदी पर लगाया पूंजीपतियों को मालामाल करने का आरोप
- सपा, कांग्रेस गठबंधन पर गरजीं बसपा प्रमुख

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में अब सभी सियासी दलों ने अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने बुधवार को हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट मयंक द्विवेदी व हमीरपुर-महोबा सीट से प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। बसपा प्रमुख ने एक तरफ पृथक बुंदेलखंड राज्य का मुद्दा उठाया, वहीं आरक्षण का कार्ड खेलते हुए सत्तासीन भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि बसपा की सरकार बनी तो बुंदेलखंड को पृथक राज्य बनाकर विकास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों का कोटा अभी तक भरा नहीं गया और भाजपा के लोग दलित व पिछड़ों के आरक्षण पर डाका मारने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वह केवल पूंजीपतियों के हितों का ही ख्याल रखते हैं। गरीबों की उन्हें कोई चिंता नहीं है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारों पर धर्म की आड़ में मुसलमानों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। कहा कि बसपा की सरकार बनते ही मुस्लिमों पर अत्याचार रोका जाएगा और सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की नीति पर काम किया जाएगा। बसपा मुखिया ने चित्रकूटधाम मंडल की दोनों संसदीय सीटों पर बसपा उम्मीदवारों को जिताने को कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। कहा कि बसपा विरोधी पार्टियों की तरह गठबंधन के साथ चुनाव नहीं लड़ रही है, अकेले चुनाव लड़कर बसपा चुनाव मैदान में दम भर रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस, भाजपा और सपा पर जमकर हमला बोला। कहा कि आजादी के बाद सबसे अधिक सत्ता का सुख कांग्रेस ने ही भोगा है, लेकिन नीतियों के विपरीत ही काम करने से जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया । वहीं पिछले कई सालों से भाजपा सहयोगियों के साथ सत्ता में काबिज है। इनकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। अबकी बार जनता ने मन बना लिया और भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की तैयारी कर ली है। कहा कि भाजपाइयों की जुमलेबाजी व नौटंकीबाजी के झांसे में अब जनता नहीं आने वाली। भाजपा ने अच्छे दिनों का हवा हवाई वादा किया था, लेकिन जमीन पर कोई भी काम नहीं किया। उन्होंने पीएम मोदी पर अपने चहेते पूंजीपतियों को मालामाल करने का आरोप लगाया। बीजेपी वाले बड़े कारोबारियों से चंदा लेकर संगठन चलाते हैं और उन्हें चुनाव लड़ाते हैं। भाजपा समेत सभी सियासी दलों ने देश के बड़े-बड़े धन्ना सेठों से चंदा लिया है और उनके हितों को साधने का काम किया है। बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो किसी से भी चंदा नहीं लेती। कहा कि हम मेंबरशिप व जन्मदिन पर आने वाले कार्यकर्ताओं के चंदे से पार्टी चलाते हैं।


जनसभा को संबोधित करतीं बसपा प्रमुख मायावती। अमृत विचार


अतर्रा में बसपा सुप्रीमो की जनसभा में जुटा जनसमुदाय। अमृत विचार

### हवाई घोषणापत्रों से दूर रहने की नसीहत दे गईं

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश मे महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ गया है, इसलिए इस लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों को रोकना है। कहा कि विरोधी किस्म के लोग साम, दाम, दंड, भेद अपनाकर सत्ता में काबिज होना चाहते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विरोधी पार्टियों के हवा हवाई चुनावी घोषणा पत्रों से दूर रहने की नसीहत दी। अब देश मे अधिकांश जगह जनता का विश्वास इनसे उठ गया है। बसपा कभी चुनावी घोषणा पत्र जारी नहीं करती। देश मे अब लोग बसपा की नकल कर रहे, यदि केंद्र में सरकार बनाने का मौका मिला तो यूपी की तरह काम किया जाएगा।

### बसपा सुप्रीमो ने गरमाया बुंदेलखंड राज्य का मुद्दा

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने हिंदू इंटर कालेज के मैदान से बुंदेलखंड अलग राज्य के मुद्दे को हवा दे दी। कहा कि देश में बसपा की सरकार बनी तो सबसे पहले बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाकर यहां के लिए विशेष काम किया जाएगा। उन्होंने जनता के समक्ष बुंदेलखंड के पिछड़ेपन को दूर करने का वादा किया। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बुंदेलखंड के गरीबों की कोई चिंता नहीं कर रही। सरकार बनते ही गरीबों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ों और सर्वजन के हित में काम किया जाएगा। मैदान में एकत्र हजारों की भीड़ को देखकर बसपा सुप्रीमो गदगद हो गईं और मंच से ही कहा कि अब उन्हें भरोसा हो गया है कि चित्रकूटधाम मंडल की दोनों सीटों पर बसपा प्रत्याशी अवश्य जीतेंगे।

# किसान समेत तीन ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- फसल का उत्पादन कम होने से दुखी था किसान

**अमृत विचार।** अलग-अलग घटनाओं में किसान समेत तीन ने आत्महत्या कर ली। किसान ने फसल कम उत्पादन होने तो दो ने घरेलू विवाद के चलते खुदकुशी की। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जसपुरा थाना क्षेत्र के नांदादेव गांव निवासी अवधराज (28) पुत्र देवराज सिंह ने मंगलवार की रात घर से खाना खा कर खेत में बने ट्यूबवेल में लगे जामुन के पेड़ पर अंगौछा का फंदा कसकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह खेत पहुंचे ग्रामीणों ने देखा तो परिजनो को सूचना दी। मृतक के चाचा चंद्रभूषण ने बताया कि अवधराज अविवाहित था। वह सूरत में रहता था। तीन माह पहले सूरत से गांव आ गया था। फसल कटने के बाद थ्रेसिग करवाई गई। पैदावार कम हुई। बताया जाता है कि जो लागत लगाई गई थी वह भी नहीं निकल पाई इसी से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। उधर, गिरवां थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी रमेश (35) पुत्र गटटी का बुधवार की सुबह खंत्री पहाड़ के जंगल मे पेड़ पर कुर्ता के सहारे फंदे से लटकता ग्रामीणो ने देखा। मृतक के परिजनो ने बताया कि रमेश ई रिक्शा चलाता था। वह रिक्शा लेकर घर आया। कुछ देर बाद वह बिना बताए घर से चला गया। देर रात जब वह घर नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की गई। लेकिन कुछ पता नही चला। बुधवार को उसका शव फंदे से लटकता मिला। उधर, तिंदवारी के विकास नगर निवासी लक्ष्मीनिया (40) पत्नी विनोद कुशवाहा ने मंगलवार को कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने आत्महत्या की वजह घरेलू कलह बताई है।

### छत से गिर कर शटरिंग ठेकेदार की मौत

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र के बदौली गांव निवासी चंद्रपाल (60) पुत्र श्रीपाल शटरिंग ठेकेदार था। वह बुधवार की दोपहर बबेरू कस्बे मे निमार्णाधीन मकान मे शटरिंग लगा रहा था। तभी पैर फिसल जाने से छत से नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य मजदूरो ने देखा तो उसे उठाकर सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

# आज आएंगे सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव

**बांदा।** बुंदेलखंड में पांचवें चरण के तहत होने वाले मतदान को लेकर सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। भाजपा, बसपा समेत सभी प्रमुख दलों की रैलियों और चुनावी जनसभा का दौर तेज हो गया। पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ भाजपा के समर्थन में तो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को जनसभाएं कर प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। इसी क्रम में गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अतर्रा कस्बा स्थित हिंदू इंटर कालेज में गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कृष्णा पटेल के समर्थन में सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेता गुरुवार को दोपहर 12.40 बजे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

# संत सेनजी महाराज का जीवन प्रेरणास्त्रोत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- नंदवंशी सविता महासभा ने मनाया संत का जन्मोत्सव

**अमृत विचार।** नंदवंशी सविता महासभा द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज का 724वां जन्मोत्सव समारोह के साथ एक होटल में मनाया गया, जिसमें सेनजी महाराज के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए सद्मार्ग पर चलने का आहवान किया गया।

नंदवंशी सविता महासभा का संत शिरोमणि सेनजी महाराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, अति विशिष्ट अतिथि तथा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शिवभजन सिंह ने संयुक्त रूप से सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान नंदवंशी सविता महासभा के मंडल प्रभारी दीपक आर्य, अध्यक्ष राजाराम, उपाध्यक्ष संतोष सविता, जिला प्रभारी शिवम सविता, जिलाध्यक्ष सुनील सविता, नगर अध्यक्ष जोगेंद्र सविता एवं महामंत्री विकास सविता द्वारा मुख्य अतिथियों व विशिष्ट अतिथियों का फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वागत गीत ज्ञानी प्रसाद सेन अध्यक्ष श्रीनाई रामलीला ने प्रस्तुत किया। मंडल प्रभारी दीपक आर्य ने संत शिरोमणि सेनजी महाराज के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला और सभी से उनके बताए सद्मार्ग पर चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में किए गए कार्यों से व्यक्ति अपने भविष्य का निर्माण कर सकता है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष संतोष सविता ने समाज को शिक्षित होने की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की और प्रांतीय अध्यक्ष शिवभजन सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने का आहवान किया।

अंत में मुख्य अतिथि व सदर विधायक ने सभी जनसमुदाय से पहले मतदान फिर जलपान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार वर्मा ने किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी। अमृत विचार

# मतदान कराने के प्रशिक्षण में लापरवाही ठीक नहीं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- डीएम ने प्रशिक्षण कार्य के निरीक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** मतदान कार्मिकों का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी मतदान कार्मिकों के साथ मतदान कार्मिक द्वितीय अपने कार्य को पूरे ध्यान से संपादित करें और ईवीएम मशीन का संचालन करने की पूरी तरह से जानकारी प्राप्त कर ले, इसमें किसी भी प्रकार की शंका नहीं रहनी चाहिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने जेएन कॉलेज में लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक प्रशिक्षण को भली प्रकार से प्राप्त करने के साथ ईवीएम के संचालन की पूरी तरह से जानकारी हासिल करे।

उन्होंने कहा कि मतदान के समय मतदाताओं को बाए हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही ठीक प्रकार से अवश्य लगाई जाए। मतदान शुरू होने से पहले मॉक पोल समय से प्रारंभ किया जाए। सभी मतदान कार्मिक मतदान दिवस पर समय से अपने कार्यों को पूरी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ पूर्ण करें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराए जाने के कार्यों के संबंध में तथा ईवीएम मशीन के संचालन सहित विभिन्न प्रपत्रों को तैयार करने की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों को एनपीएस के माध्यम से दो-दो घंटे में मतदान प्रतिशत की सूचना दिए जाने के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया के दौरान पीठासीन अधिकारी की डायरी को भरने, आवश्यक प्रपत्रों को तैयार करने के कार्य को सावधानीपूर्वक करने के संबंध में विधिवत जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रशिक्षण कार्य के निरीक्षण के समय जिला संख्याधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के अलावा प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एवं मतदान कार्मिक मौजूद रहे।


मतदान कार्मिकों को जानकारी देतीं डीएम। अमृत विचार

### ईओ ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**बांदा।** जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देशन पर लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को ध्यान में रखते हुए अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मटौंध द्वारा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया। अधिशाषी अधिकारी ने मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के साथ-साथ मतदान केंद्रों के आगे छाया के लिए टेंट लगाए जाने के भी निर्देश दिए, ताकि गर्मी के मौसम में किसी भी मतदाता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# परिवार के साथ वोट देने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार कक्ष में बुधवार को उत्तर प्रदेश सिविल पेंशनर्स परिषद जिला इकाई की बैठक लोकसभा चुनाव में 20 मई को होने वाले मतदान में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प लिया गया। अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष राजाबाबू बाजपेई ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी सदस्य अपने अपने परिवार के सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। पूरे परिवार के साथ मतदान करने के लिए अपने पोलिंग बूथों में जाएं। इससे देश के जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज भी निभाएंगे। महामंत्री शांतनु चतुर्वेदी ने कहा कि पसंद कोई भी प्रत्याशी या पार्टी हो सकते हैं, पर जरूरी है कि मतदान जरूर करें। श्यामले प्रसाद गुप्ता ने बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर भी चर्चा की। सदस्यों की पेंशन संबंधी समस्याओं के लिए आचार संहिता की समाप्ति के बाद उचित कार्रवाई कराए जाने का भरोसा दिलाया।


मतदान का संकल्प लेते पेंशनर्स। अमृत विचार

### दो ने जहर खाया

**बांदा।** गायत्री नगर निवासी पवन (20) ने मंगलवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। गिरवां थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी ममता (30) पत्नी राजेश ने मंगलवार की शाम घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**करंट लगने से युवक झुलसा: बबेरू।** कस्बा निवासी 45 वर्षीय भगवानदास पुत्र रामऔतार मंगलवार की रात सोने जा रहा था। तभी उसने पंखा को उठाकर अपनी तरफ घुमाने लगा। पंखा छूते ही करंट लगने से वह झुलस गया।

# ‘सारे काम छोड़ दो, पहले जाकर वोट दो’ की रही गूंज


जागरुकता रैली निकालते अधिकारी, कर्मचारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- अधिकारियों, शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**अमृत विचार।** मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई, जिसमें स्लोगन लिखी तख्तियों व नारों के साथ मतदाताओं को 20 मई को संपन्न होने वाले लोकतंत्र के महापर्व पर शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया।

अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव के अलावा अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा महाराणा प्रताप चैराहे से मतदाता जागरुकता रैली बुधवार को सुबह निकाली गई। यह रैली जेएन कॉलेज, डीएम कालोनी होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज के पास पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज, जीआईसी व आदर्श शिक्षा निकेतन के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। उन्होंने नारे लगाकर सभी करें मतदान बांदा की बढ़ाए शान, पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो पहले जाकर वोट दो आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया और 20 मई को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। मतदाता जागरुकता रैली में जिला विद्यालय निरीक्षक भी मौजूद रहे।

## केन नदी आरती में शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया आह्वान

**बांदा।** विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को भव्यता के साथ केन आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 20 मई को होने वाले मतदान के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही एक शार्ट फिल्म भी लांच की गई। समिति के मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि समिति के तत्वाधान में जो शार्ट फिल्म जांच की गई हैं उसमें गरीब किसान व उसकी स्थिति को लेकर समाज में किसानों की हालत को दशार्या गया है। इस फिल्म के लेखक स्वयं समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति हैं और मुख्य भूमिका में विनय कुमार प्रजापति हैं जो किसान की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा अन्य कार्यकर्ताओं ने भी इसमें काम किया है। समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने बताया कि यह शार्ट फिल्म भाजपा को समर्पित है, क्योकि इसमें भाजपा शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को कैसे मिल रहा है यह दशार्या गया है। सभी से मतदान करने का आहवान किया गया। केन जल आरती के कार्यक्रम में श्रुतिकीर्ति गुप्ता, आलोक निगम, महेश कुमार धुरिया, राजेंद्र कुमार मिश्रा, विनय प्रजापति, सत्यम मिश्रा, रामकरण पाल, जयकरन प्रजापति, शैलेंद्र प्रजापति, रिंकू, आशीष कुमार, संदीप कुमार सेन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आयोजन — जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण बचाओ दिवस के रूप में मनाई महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि

# किसानों के लिए टिकैत के संघर्ष को नहीं भूल सकते

कार्यालय संवाददाता बांदा

- भाकियू ने यूनियन के संस्थापक को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार।** तहसील स्तर से लेकर जिले तक भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने यूनियन के संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण बचाओ दिवस के रूप में मनाई। किसान नेताओं ने उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि दी।

इस दौरान एक समारोह में कानपुर-बुंदेलखंड जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी कहा कि किसानों के हक लिए किसान नेता का किरदार भुलाया नहीं जा सकता। किसान नेताओं ने उनके आदर्शों पर चलकर किसान समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन चलाने का निर्णय लिया।

सदर तहसील क्षेत्र के लामा गांव में बुंदेलखंड-कानपुर जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी व प्रदेश उपाध्यक्ष मनरूप सिंह परिहार की अगुवाई में पुण्य तिथि मनाई गई। जोनल अध्यक्ष ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों को अपनी समस्याओं के समाधान, मान-सम्मान व स्वाभिमान के लिए लड़ना सिखाया। यही कारण है कि आज देश का अन्नदाता सिर उठा कर जी रहा है।

किसानों के हक लिए संघर्षशील किसान नेता का किरदार भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर युवा अध्यक्ष संदीप सिंह व जिला उपाध्यक्ष रामदास साहू सहित सैकड़ो किसानों ने भागीदारी की। बबेरू तहसील परिसर में मंडल अध्यक्ष कमलनयन पटेल व तहसील अध्यक्ष बृजराज यादव के नेतृत्व में, अतर्रा तहसील में जिलाध्यक्ष अवधेश पटेल की अगुवाई में, नरैनी में तहसील अध्यक्ष अनूप दीक्षित और पैलानी तहसील क्षेत्र के पलरा गांव में तहसील उपाध्यक्ष भोला मिश्रा व महासचिव कामता प्रजापति के नेतृत्व में यूनियन संस्थापक की पुण्य तिथि मनाई गई।


बाबा टिकैत की पुण्यतिथि मनाते किसान नेता। अमृत विचार

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास अध्यक्ष पर कार्रवाई का विरोध

**कमासिन।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष पर प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कड़ा विरोध जताया। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पर लगाया गया गुंडा एक्ट न हटाया गया तो बुंदेलखंड में आंदोलन करेगा।

कस्बे से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्रसिद्ध तीर्थ स्थान जमरेही नाथ में श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की बैठक जिला अध्यक्ष अनुज द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा पर गोवर्धन प्रशासन द्वारा गुंडाएक्ट लगाए जाने का विरोध किया गया।

आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को इलेक्ट्रीशियन की
PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

# चुनाव के बाद मिलेगा मेडिकल कॉलेज का तोहफा : मुख्यमंत्री

## भाजपा शासन में किसानों को सम्मान निधि, गरीबों को पक्के मकान, भरपूर पानी मिला : योगी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुंदेलखंडवासियों को जल्द ही मेडिकल कालेज की सुविधा मिलने जा रही है। मेडिकल कालेज की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। चुनाव समाप्त होने के बाद मेडिकल कालेज के लिए शेष प्रक्रिया पूरी करा ली जाएगी।

मुख्यमंत्री बुधवार को शहर के डाक बंगला मैदान में भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज खुलने के बाद महोबा-हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सहजता से मिल सकेगा। इलाज की सुविधाएं मिलने के बाद यहां के लोगों को कानपुर, झांसी की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री अर्जुन सहायक परियोजना का शिलान्यास करने आए थे।


आसपास के मकानों की पीली पन्नियों से बंद खिड़कियां। अमृत विचार

किसानों को नहरों के जरिए भरपूर पानी मिल रहा है, जिससे दिल्ली पंजाब में काम के लिए पलायन करने वाले रुक गए हैं। सीएम योगी ने नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस का एक नेता कहता है कि अयोध्या में मंदिर में बेकार बना है। मंदिर अयोध्या में नही तो क्या इटली में बनाना चाहिए था। उन्होंने उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 60 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। दस करोड़ गरीबों के पक्के मकान बनाए जा रहे हैं।

इस मौके पर सांसद पुष्पेंद्र सिंह, पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, महोबा विधायक राकेश गोस्वामी, चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत, पूर्व राज्यमंत्री सिद्ध गोपाल साहू, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, राठ चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया आदि ने विचार व्यक्त किए।

### पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत का बढ़ाया कद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने निर्धारित समय मध्याह्न 12 .05 बजे के स्थान पर 01 .05 बजे हेलीकाप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। वहां से वह कार से सभा स्थल 1.15 बजे पहुंच गए। जहां पर उन्होंने मंच पर पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत का नाम लेकर उनका कद बढ़ाया। मंच पर मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सीएम के माइक पकड़ते ही जय श्रीराम के नारों की गूंज से माहौल गूंज उठा। 1.50 बजे मुख्यमंत्री भाषण देने के बाद मंच से उतरकर कार से वापस पुलिस लाइन हेलीपैड के लिए निकल गए।


सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा में उमड़े लोग। अमृत विचार

### बाजार बंद कराई, घरों की खिड़कियों पर पीली पन्नी

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। पुलिस लाइन में हेलीपैड पर मुख्यमंत्री के उतरने के बाद वह करीब तीन किमी कार द्वारा डाकबंगला मैदान पहुंचे। मुख्यमंत्री के कार से सभा स्थल तक जाने के दौरान सड़क के दोनो तरफ मार्केट बंद करा दिया गया था। इतना ही नहीं उनके मार्ग से जुड़ी सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन भी बंद कर दिया गया था, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सभास्थल जाने वाले मार्ग को भी बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया था। आसपास बने मकानों की खिड़कियों पर पीली पन्नी लगाकर बंद कर दी गई। छतों पर पुलिस तैनात कर दी गई।

### पैदल अस्पताल गईं महिलाएं

डाकबंगला के नजदीक स्थित महिला जिला अस्पताल होने के कारण बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर महिला जिला अस्पताल जाने वाली महिलाओं और मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। डाकबंगला मैदान मार्ग पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों के आवागम पर रोक लगा दी, जिससे सबसे ज्यादा दिक्कत प्रसूताओं को हुई। वहीं तमाम महिलाएं एक एक साल के बच्चों को गोद में लेकर पैदल अस्पताल पहुंची। पुलिस कर्मचारियों ने बाइक पर जा रही महिलाओं को रास्ते में रोककर पैदल जाने की अनुमति दी। इससे बुजुर्ग और महिलाओं में गुस्सा दिखाई दिया।

# ई-रिक्शा पलटने से सवारी घायल

संवाददाता, बेलाताल-महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा बेलाताल का मुख्य मार्ग गड्ढायुक्त होने से आएदिन गड्ढे में ई-रिक्शा और टेंपो असंतुलित होकर पलट जाते हैं। बुधवार को इसी मार्ग पर किराने के सामान से लोड एक ई-रिक्शा पलट गया। उसमें सवार लोग घायल हो गए। हादसे से मुख्य मार्ग पर जाम लग गया और इस जाम में एंबुलेंस भी फंसी रही। ई-रिक्शा में रखा सामान पानी से भरे गड्ढों में गिरकर बर्बाद हो गया।

कस्बे के ब्लॉक गेट और आर्यावर्त बैंक के मध्य मुख्य मार्ग में बड़े बड़े गहरे गड्ढे व नमामि गंगे योजना के तहत कस्बे में बिछाई गई पाइप लाइन लीकेज होने से पानी गड्ढों में भर जाने के कारण टेंपो और ई-रिक्शा चालक गडढों क गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाते और पलट जाते हैं। बुधवार को ई-रिक्शे में सामान लेकर जाते समय अचानक रिक्शा पलटने से उसमें सवार यात्री कल्लू, सुमित्रा सहित चार लोग चुटहिल हो गए, जिनकी मरहम पट्टी के बाद छुट्टी कर दी गई। ई-रिक्शे में लदा किराने का सामान पानी और कीचड़ में गिरने से बर्बाद हो गया। आधा घंटे तक जाम लगा रहा। जाम में एम्बुलेंस सहित तमाम वाहन फंसे रहे, बाद में सड़क पर पड़े सामान और ईरिक्शे को हटवाकर जामकर खुलवाया गया।


सड़क पर गिरा किराने का सामान उठाता दुकानदार। अमृत विचार

- पानी में सामान बर्बाद, जाम लगने से एंबुलेंस फंसी

बुधवार को एक ई-रिक्शा अन्य वाहन को साइड देते समय मुख्य सड़क के गड्ढे में पहिया जाने से असंतुलित होकर पलट गया। ई रिक्शा में रखा किराने का सामान मार्ग में बिखर गया। पलटे ई रिक्शे को लोगों की मदद से निकाला गया तब तक सड़क के दोनो ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई । सीएचसी जैतपुर से जिला अस्पताल 15 दिन के नवजात दिशांत को ले जा रही एंबुलेंस भी फंस गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष तिवारी ने बताया दिशांत को परिजन बिहार गांव से लाए थे नवजात के फेफड़े में इन्फेक्शन है।

# बीमा कंपनी देगी 13 किसानों को भुगतान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** न्यायालय परिसर में बुधवार को स्थायी लोक अदालत का आयोजन किया गया। स्थाई लोक अदालत के मौके पर वादकारियों की सुबह से ही भीड़ जुटना शुरु हो गई। कई घंटे तक चली लोक अदालत दौरान 18 मामलों पर निर्णय किया गया। लोक अदालत में किसानों की फसल खराब हो जाने पर उन्हें प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना के अंतर्गत 13 किसानों को सात प्रतिशत ब्याज सहित कृषि बीमा कंपनी से क्षतिपूर्ति करने का किसानों के पक्ष में निर्णय दिया गया। इसी तरह चार विद्युत उपभोक्ताओं के बिलों को संशोधित करते हुए उपभोक्ताओं की बिजली बिल की धनराशि जमा कराए जाने के विभाग को निर्देश दिया। बिजली कनेक्शन को सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में निर्णय दिया गया।

- स्थायी लोक अदालत में अध्यक्ष ने 18 मुकदमों का सुनाया फैसला

स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष आदिल आफताब अहमद और सदस्य सैयद सरकार हैदर आब्दी महोबा की पीठ ने शारदा देवी बनाम ओरियंटल बीमा कंपनी ने वादिया की पति की मृत्यु हो जाने पर उनको उत्तर प्रदेश सरकार की संचालित योजना अंतर्गत संबन्धित बीमा कंपनी से वादिया को पांच लाख रुपये की धनराशि सात प्रति ब्याज सहित भुगतान के संबन्ध में निर्णय दिया गया। इसके अलावा अन्य मामलों का भी निस्तारण कर वादकारियों को न्याय दिया गया।

लोक अदालत द्वारा अलग अलग मामलों में निर्णय देने पर वादकारियों में न्याय के प्रति विश्वास जाग्रत हुआ है।

# एक एकड़ फसल की क्षति पर एक हजार रुपये से कम दिया मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** इस साल जिले में हुई बेमौसम बारिश से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। तमाम किसानों का तो अतिवृष्टि और ओलावृष्टि के चलते बीज तक नहीं निकल सका। राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों की टीमों द्वारा फसल का सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भी भेज दी गई, लेकिन फसल मुआवजे के रुप में नाम मात्र की धनराशि दी जा रही है, जिससे किसानों को मुआवजा राशि ऊंट के मुह में जीरा साबित हो रही है। वहीं बीमा कंपनी ने तो अंधेर ही कर दिया है, बीमा कंपनी फसल बीमा के नाम पर 100 से 400 रुपये तक खातों में डाल रही है, जिससे किसानों में खासा आक्रोश पनप रहा है।

गौरतलब है कि मार्च माह में फसल पककर तैयार खड़ी थी, तभी अचानक हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से चना, मटर और राई फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। ओले के कारण राई खेतों में ही बिखर गई, जिससे अधिकांश किसानों ने राई की फसल मजदूरी लगने के कारण नहीं कटवाई। चना और मटर की फसल का भी बीज तक किसानों का नहीं निकला। गेहूं और जबा की फसल आंधी के चलते खेतों में ही बिछ गई, जिससे 50 फीसदी गेहूं की फसल का उत्पादन घट गया।

- बीमा कराने के बाद कंपनी ने फसल मुआवजा पर किसान को भेजी 116 रुपये की धनराशि

पलका, सूपा, मिरतला सहित तमाम गांव को राजस्व विभाग की टीम ने ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से प्रभावित माना। इन गांव के किसानों की मुआवजे के लिए सूची भी बनाई गई, लेकिन प्रति एकड़ एक हजार रुपये से कम मुआवजा दिए जाने से किसानों में खासा असंतोष दिखाई दे रहा है।

प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान पर बीमा कंपनियों द्वारा नुकसान की भरपाई के लिए धनराशि दी जाती है, लेकिन इसके एवज में किसानों से किश्त भी जमा कराई जाती है।

किसान पुरुषोत्तम उपाध्याय, मैयादीन रैकवार, बजीर खां, इरशाद मोहम्मद सहित तमाम किसानों ने फसल बीमा के लिए किश्त भी जमा की थी, इस साल मार्च में हुई बेमौसम बारिश से प्रीमियम जमा करने वाले किसानों की भी फसल बर्बाद हो गई, लेकिन बीमा कंपनी ने बीमा की धनराशि देने के नाम पर किसान पुरुषोत्तम उपाध्याय को 116 रुपये की दी है। जबकि मैयादीन रैकवार को भी इतनी ही धनराशि उसके खाते में भेजी गई। कमोवेश अन्य किसानों का भी यही हाल है।

# मतदान 20 को, केंद्रों पर छाया-पानी का इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** 20 मई को जनपद में मतदान के महापर्व के दृष्टिगत सभी तैयारियां कर ली गई हैं। सभी मतदान बूथों पर पर्याप्त छाया का व्यवस्था किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी लगाई जाएगी। मतदाताओं को मतदान के दिन किसी भी तरह की सुविधा न हो इसकी व्यवस्थाएं भी कर ली गई हैं। मतदान केदो पर पानी के साथ-साथ टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था कराई जा रही है जिससे मतदाताओं को धूप में ना खड़ा रहना पड़े मतदाता गर्मी को देखते हुए सुबह जल्द से जल्द मतदान करें इससे उन्हें धूप और लू के थपेड़ों से भी निजात मिलेगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों को पोलिंग बूथ तक भेजने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पोलिंग बूथ पर बिजली पानी, पंखा और खान-पान का भी इंतजाम किया गया है, जिससे मतदान कार्मिकों को चुनाव ड्यूटी की दौरान किसी भी तरह की असुविधा न हो। मतदान केदो पर शौचालय की साफ सफाई और पोलिंग बूथ स्थल को भी चमाचम किए जाने के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए गए हैं। प्रधानाध्यापकों को मतदान से एक दिन पहले विद्यालय हैंडओवर करने को कहा गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने नगरवासियों से मतदान करने की अपील की है, लेकिन हीट वेव से बचाव का भी साथ में ध्यान रखें। बच्चों को घर पर ही छोड़ कर आयें। प्रयास करें कि बुजुर्ग व्यक्ति सुबह के समय ही मतदान कर लें। बुजुर्ग को पहले मतदान करने दिया जाए।

# नुक्कड़ नाटक से मतदान के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी के निर्देश पर स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। शहर के ऊदल चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनसामान्य को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

नुक्कड़ नाटक देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मतदाताओं ने भी नुक्कड़ नाटक का जमकर आंनद लिया और महिलाएं भी नाटक देखने के लिए घरों से बाहर आईं। कवि ओमप्रकाश तिवारी, राजू पंडा ने मतदाता जागरूकता अभियान घर-घर में समझाने सबखां वोट डारवे जाने, पांच साल में आऊ जो मौका इखां नहीं गंबाने, अपनी वीरभूमि महोबा में ईको मान बढ़ाने गीत को खूब सराहा गया।

कलाकारों ने गीत संगीत और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति से मतदाताओं का दिल जीत लिया और ग्रामीणों ने मतदान करने के प्रति रुझान भी बढ़ता दिखाई दिया। बुंदेली गीत की आवाज से लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए।


नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवा कलाकार संदीप चंदेल ने प्रमुखता से मतदाताओं को जागरूक किया। मतदाताओं को मतदान करने एवं अपने सगे संबन्धियों को मतदान करने के जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के शोर से घरों में आराम कर रहे लोगों की नींद टूट गई और वह कलाकारों का नाटक देखने के लिए पहुंच गए। एक घंटे तक लोगों ने नुक्कड़ नाटक का आनंद लिया।

- बुंदेली गीत सुनने के लिए जुटी लोगों की भीड़

इस मौके पर पर्याटन सूचना अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त, ओमप्रकाश तिवारी, आल्हा गायक धरम सिंह, हीरालाल, अनुज सिंह, दिवारी नृत्य कलाकार विपिन यादव, लोक गायब मंगल सिंह कुशवाहा आदि कलाकारों ने हिस्सा लिया।

### ग्राम मठयाई में मतदाता जागरुकता रैली

**महोबा।** लोक हित संस्थान द्वारा चरखारी के ग्राम मठयाई में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में संस्थान के लोग मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखे पोस्टर, बैनर हाथो में लिए छोड़ो सारे काम पहले करो मतदान आदि नारे लगाते हुए मतदाताओं को जागरूक करते चल रहे थे और 20 मई को अपने अपने बूथों पर जाकर मतदान करने की अपील भी की जा रही थी। इस मौके पर रुकमणि, पन्नालाल कुशवाहा, भूपेंद्र राजपूत, केशवदास आदि मौजूद रहे।

# लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मौसम विज्ञान विभाग ने 17 मई से 20 मई तक जनपद में लू चलने की चेतावनी जारी की है। इन तीन दिनों में तेज धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए एहतियात बरतने के लिए सलाह दी गई है, जिससे लू और धूप से बचा जा सके। मौसम संबंधी पूर्वानुमान को देखते हुए अपर जिलाधिकारी ने जनसाधारण को जागरुकता एवं बचाव के तरीके बताए हैं।

अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने कि लू के प्रकोप से जान भी जा सकती है । इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियाँ बरतने को कहा गया है। कड़ी धूप में बाहर न निकलें। खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पिएं। प्यास न लगे तो भी पानी पिएं। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें। यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं। अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें, और गीले कपडे को अपने चेहरे सिर और गर्दन पर रखें । अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छांछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें।

**अतीत के झरोखों से** — 1952 से अब तक 17 बार हुए हमीरपुर-महोबा सीट पर लोकसभा चुनाव

# कभी निर्दलीय के सिर नहीं बंधा जीत का सेहरा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हमीरपुर महोबा संसदीय सीट से 1952 से अब तक 17 बार हुए लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी ने दिल्ली का रास्ता तय नहीं किया है। हर चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन की फीस जमा कर नामांकन पत्र भरे, चुनाव प्रचार भी किया, एक माह तक दौड़ धूप कर चुनाव प्रचार में अच्छा खासा पैसा भी खर्च किया, लेकिन उनके सांसद बनने का सपना आज तक पूरा नही हुआ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कई निर्दलीय प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।




गौरतलब है कि 1952 हमीरपुर महोबा संसदीय सीट पर लगातार चुनाव हो रहे हैं। हर बार चुनाव में निर्दलीय भी चुनावी अखाड़े में कूदते आ रहे हैं, लेकिन 72 सालों के बाद भी निर्दलीयों को सांसद बनने का तोहफा नहीं मिला है, इसके बाद भी निर्दलीयों ने हार नहीं मानी है। इस संसदीय सीट पर कभी कांग्रेस, कभी जनसंघ, जनता दल, भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी तो कभी राष्ट्रीय लोकदल और जनता पार्टी ने इस सीट का प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन यहां के लोगों ने कभी भी निर्दलीयों पर भरोसा नहीं जताया है। यहां के मतदाता यह मान चुके हैं कि निर्दलीय कभी भी संसद नहीं पहुंच सकेगा, यही वजह है कि यहां के निर्दलीय प्रत्याशी कभी भी छह अंकों का आंकड़ा पार नही कर सका है।

हमीरपुर महोबा तिंदवारी संसदीय सीट पर इस बार भाजपा से कुं0 पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सपा कांग्रेस गठबंधन से अजेंद्र सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी से निर्दोष दीक्षित चुनाव मैदान में डटे हैं। वहीं हाई लेवल पर कांग्रेस का कई दलों से गठबंधन होने के कारण यहां की सीट से आम आदमी पार्टी सहित गठबंधन के कोई भी प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ एनडीए गठबंधन के भाजपा का प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटा होने से उसका समर्थन अपना दल, राष्ट्रीय लोकदल और ओमप्रकाश राजधर की पार्टी कर रही हैं। इसके चलते इस दफा के चुनाव में पिछले चुनाव के अपेक्षा प्रत्याशियों की संख्या में कमी आई है। निर्दलीय चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।

# मदरसा शिक्षकों के मुकदमे की पैरवी जारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मदरसा दारूल उलूम समदिया मकनियापुरा में आल इंडिया टीचर्स ऐसोशिएशन मदारिस अरबिया के राष्ट्रीय महामंत्री वहीद उल्ला खान सईदी पहली बार शिक्षकों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों के बावत चल रहे मुकदमों की पैरवी करनी होगी। कहा कि स्टे मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मुकदमे की पैरोकारी एसोशिएशन कर रहा है। उन्होंने इस कार्य में सबके सहयोग का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केस की बारीकी से छानबीन करनी होगी और अपना पक्ष बेहतर तरीके से रखा जाएगा।


मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते मदरसा शिक्षक। अमृत विचार

8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट होने पर वाली सुनवाई पर जोर देते हुए कहा कि आप सब तैयार रहे। सभी कानून हमारे पक्ष में हैं, इसलिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला हमारे हक में आएगा। ऐसोशिएशन आपके हक की लड़ाई पिछले कई सालों से लड़ रहा है और आगे भी लड़ता रहेगा। इस लड़ाई में सभी को एक साथ कदम बढ़ाना होगा, तभी हम सभी को कामयाबी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज हमे स्टे मिल गया है और अब हमे मुकदमे की पैरवी में ढिलाई नहीं करनी चाहिए। बैठक में प्रधानाचार्य मोहम्मद नौशद रजा, ताज अली, मोहम्मद आमिल खान, सैयद वकार अली, मोहम्मद अखलाक, रियाजुद्दीन आदि रहे।

### राष्ट्रीय महामंत्री का पहली बार आने पर जोरदार स्वागत

आल इंडिया टीचर्स ऐसोशिएशन मदारिस अरबिया के राष्ट्रीय महामंत्री वहीद उल्ला खान सईदी के पहली बार मदरसा दारूल उलूम में आने पर उनका मदरसे के प्रबंधक और टीचरों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। बुंदेलखंड की सरजमी पर महामंत्री को फूल मालाओं से लाद दिया गया और शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया, जिससे वह महोबा में सम्मान पाकर खासा गदगद दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों में जो अपनापन दिखाई दिया वह कम ही स्थानों पर दिखता है।

# शादी से इंकार पर युवती ने लगाई फांसी, मौत

## पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


घटनास्थल पर रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती ने रात के समय घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतका के परिजनों ने बताया कि एक युवक के द्वारा शादी से इंकार करने से आहत युवती ने फांसी लगाई है। पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी बद्री प्रसाद अहिरवार पुत्र लालमन ने कोतवाली में दी तहरीर के माध्यम से आरोप लगाया कि उसकी पुत्री रेखा (31) का मोहल्ले के युवक पवन कुमार पुत्र मलखान अहिरवार से पिछले काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया एक सप्ताह पहले पवन उसकी पुत्री रेखा को अपने घर पर ले गया था। जहां करीब चार घंटे उसे अपने घर में रखा और उसके परिजनों ने उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। बताया जब उसकी पुत्री घर वापस आई तो उदास हो गई। इसके बाद उसने बताया कि वह पवन से प्यार करती है। बताया कि जब उसने मलखान से दोनों के बीच शादी करने की बात कही तो मलखान और उसके पुत्र पवन ने रेखा से शादी करने से इंकार कर दिया। शादी से इंकार करने से आहत होकर मंगलवार की रात उसकी पुत्री रेखा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस का कहना था कि घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नशे में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**पौथिया।** अज्ञात कारण के चलते शराबी युवक ने नशे की हालत में साड़ी से पंखे के छल्ले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जानकारी होने पर कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव निवासी सोनू उर्फ अजीत प्रजापति (35) पुत्र रामनरायण बुधवार को दोपहर दिन में शराब पीकर अपने कमरे में सोने चला गया। घर के लोग भी अपने कमरों में गर्मी के चलते आराम करने लगे। करीब एक बजे पिता ने बहु अंजू से सोनू को जगाने के लिए कहा तो पत्नी ने देखा कि उसका पति सोनू कमरे की अंदर से कुंडी लगाए हुए हैं। तभी खिड़की से झांक कर देखा तो सोनू फांसी के फंदे में लटक रहा था। जिसे देखकर उसने शोर मचाया। घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पिता ने ललपुरा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने दरवाजे की कुंडी तोड़ कर उसके शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से पत्नी, बच्चों, मां, पिता व अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र छोटू (2) व अर्नव (4) छोड़ गया। पिता ने बताया कि सोनू शराब पीने का लती था। कई बार समझाया, लेकिन शराब पीना नहीं छोड़ रहा था। बताया कि वह गांव में ही मोबाइल शॉप की दुकान किए था।

# मोदी के हाथ मजबूत करे जनता : राजा बुंदेला

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● बुंदेलखंड अलग राज्य निर्माण के लिए सौंपा जाएगा ज्ञापन



पत्रकारों से वार्ता करते राजा बुंदेला।

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड अलग राज्य निर्माण की पिछले कई सालों से लड़ाई लड़ रहे राजा बुंदेला ने कस्बे में आकर मतदाताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने की बात कही।

कस्बे के रोड़वेज बस स्टैंड़ के सामने स्थित मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में आए राजा बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड अलग राज्य निर्माण के लिए वह पिछले कई सालों से संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड अलग राज्य की मांग संसद तक हो चुकी है। जिसकी मांग हमीरपुर महोबा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने उठाई। कहा कि उप्र के चार और मप्र के चार सांसदों को जनता आभास कराये। कहा कि अलग बुंदेलखंड राज्य की लड़ाई को 2024 को नया अंजाम दें। जो सरकार बने वह बुंदेलखंड राज्य के निर्माण के लिए फैसला करें। बुंदेलखंड राज्य के लिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# राहुल गांधी की सभा को अनुमति नहीं

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


प्रेसवार्ता कर जानकारी देते रामप्रकाश प्रजापति, कल्लू यादव व नीरज कश्यप।

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जनसभा की अनुमति नहीं दी गई है। इससे सपाइयों में आक्रोश पनप उठा है। बुधवार को सपा नेताओं ने प्रशासन पर भाजपा के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाकर शिकायत निर्वाचन आयोग से करने की बात कही है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा की प्रत्याशी अजेन्द्र सिंह सिंह लोधी के पक्ष में महोबा में 16 मई को जनसभा को संबोधित करना था। सदर विधानसभा सीट पर प्रत्याशी रहे रामप्रकाश प्रजापति, सपा नेता अजय उर्फ कल्लू यादव व नीरज कश्यप ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि महोबा प्रशासन ने जनसभा के लिए अनुमति नहीं दी है। यह लोकतंत्र की आजादी की हत्या है। बताया कि बुधवार को महोबा जिलाध्यक्ष शोभा लाल यादव, पूर्व मंत्री बादशाह सिंह आदि सपा नेता महोबा जिलाधिकारी के साथ केंद्रीय प्रेक्षक से मिलकर जनसभा की अनुमति मांगी थी। लेकिन प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। सपा नेताओं का आरोप है कि महोबा प्रशासन भाजपा के प्रभाव में कार्य कर रहा हैं। इसका जवाब जनता वोट के जरिए देगी। भाजपा हार सुनिश्चित मानकर ओछी मानसिकता पर उतर आई है।

# मोदी की जनसभा कल, अंतिम चरण में तैयारियां

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● एसपीजी की देखरेख में हो रहा हेलीपैड, मंच का निर्माण


ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज के मैदान में हेलीपैड के निर्माण में जुटे कर्मी व अधिकारी।


हेलीपैड स्थल का निरीक्षण करने आया हेलीकॉप्टर।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में 17 मई को प्रस्तावित रैली को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। 17 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज के मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

बता दें कि रैली स्थल पर हेलीपैड और मंच का निर्माण एसपीजी की देखरेख में किया जा रहा है। बुधवार को ब्रह्मानंद डिग्री कालेज के मैदान में तीन हैलीपेड बनाए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी हेलीपैड बनाने में रात दिन एक किए हुए हैं। वहीं प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर खुफिया विभाग और इंटेलीजेंस विभाग भी पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। बुधवार को डीएम और एसपी ने हेलीपैड स्थल का बारीकी के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आला अधिकारियों ने हेलीपैड निर्माण में कोई भी कोताही बरतने के सख्त निर्देश दिए।

बुधवार की दोपहर सेना के एक हेलीकॉप्टर ने हेलीपैड का निरीक्षण करते हुए हेलीपैड पर उतरा।

# दिलाई गई मतदान करने की शपथ

**राठ (हमीरपुर)** गोहांड विकास खंड के पथखुरी और अमूंद गांव मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में खंड विकास अधिकारी एसएन कश्यप की अध्यक्षता में ग्रामीणों और कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्राम वासियों को टोपियां वितरित की गई। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर एडीओ पंचायत अनूप शर्मा, सचिव ग्राम पंचायत, प्रधान, आंगनबाड़ी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत की भूमि पर कब्जा कर बेचने का प्रयास

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

● प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने की मांग

**अमृत विचार।** कस्बे में कालपी हाईवे किनारे मुख्य बाजार की ओर जाने वाले लिंक मार्ग में नगर पंचायत की भूमि में नगर पंचायत का सुलभ शौचालय था। इस शौचालय को ध्वस्त कर पिछले कई वर्षों से अवैध कब्जा कर लिया गया है। अब भूमि पर अतिक्रमण किए लोग विक्रय करने की कोशिश में हैं। इस मामले में नगर निवासी एक सभासद ने शासन के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।

नगर पंचायत के सभासद समाजसेवी राम अचल कुशवाहा ने शासन के प्रमुख सचिव समेत अन्य उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि हमीरपुर कालपी फोरलेन से मुख्य बाजार की ओर जाने वाले लिंक मार्ग पर नगर पंचायत ने सार्वजनिक भूमि पर आम जन मानस के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण कराया था। इस शौचालय को तोड़ कर अवैध कब्जा कर लिया गया। बीस वर्ष से अवैध कब्जा कर लालमन आढ़त के नाम से संचालन किया जा रहा है। इस आढ़त का संचालन मौजूदा में दूसरे लोगों द्वारा किया जा रहा है।

# खेत में रखी पराली जलाई, शिकायत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


एसडीएम आवास के बाहर खड़े ग्रामीण।

● रात में ही ग्रामीण पहुंचे एसडीएम के आवास

**अमृत विचार।** दबंग ने गुर्गे से खेत में आग लगवा दी। आग की लपटे इस तरह बढ़ीं कि घरों के नजदीक पहुंच गई। ग्रामीणों द्वारा दबंग से शिकायत करने पर उसने ग्रामीणों के घरों में आग लगाने की धमकी दी। जिस पर ग्रामीणों ने रात में सीओ और एसडीएम के आवास के सामने बड़ी संख्या में पहुंच कर घेराव किया। काफी देर बाद एसडीएम ने बाहर निकालकर शिकायती पत्र लेकर अंदर चले गए। जबकि क्षेत्राधिकारी अपने आवास से बाहर नहीं निकले। थाना बिवांर क्षेत्र असुई गांव में मंगलवार की देर रात मांचा के एक किसान ने अपने ही नौकर द्वारा खेत की पराली में आग लगवा दी। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब ग्रामीणों ने आग लगाने की शिकायत की तो उसने उनके घरों में आग लगाने की बात कही। जिस पर आक्रोशित ग्रामीणों ने मौदहा में देर रात क्षेत्राधिकारी और उपजिलाधिकारी के आवास पर पहुंचे। कुछ देर बाद उपजिलाधिकारी आए और बिना उनकी समस्या सुने होमगार्ड को शिकायती पत्र देने की बात कहकर चले गए। ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके गांव के एक व्यक्ति ने अपने खेत की पराली पर नौकर से आग लगवा दी। जिससे गांव में आग लगने से बच गई। जब ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के बाद उससे शिकायत की तो उसने ग्रामीणों के घरों में आग लगाने की बात कही। जबकि इससे पहले भी इस तरह की कई घटनाएं कर चुका हैं। लोग रात में ही बिवांर थाने में गए और वहां पर शिकायत की। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें तेज बुखार है।

## जिंदल ग्रुप ने बच्चों को बांटी स्टेशनरी ...


3हमीरपुर। विकासखंड कुरारा के प्राथमिक विद्यालय शीतलपुर में जिंदल ग्रुप कंपनी नमामि गंगे प्रोजेक्ट के प्रशासनिक अधिकारी संजीव कुमार ने कंपनी की ओर से बच्चों को स्टेशनरी, पेय पदार्थ एवं बिस्किट का वितरण किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शालू सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जूनियर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौरव नामदेव, रीनू गुप्ता, सोनाली शुक्ला, श्वेता तिवारी, सरोजिनी आदि लोग उपस्थित रहे। ● अमृत विचार

# मधु महाराज इंटर कॉलेज के मेधावी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंधक, प्राचार्य सहित अन्य शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुमेरपुर कस्बे के मधु महाराज इंटर कॉलेज में ऊं हरिहर महाविद्यालय कुंडौरा ने सम्मान समारोह का आयोजन करके हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। सम्मान पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

ऊं हरिहर महाविद्यालय की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मधु महाराज इंटर कॉलेज के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं के साथ रोटीराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक रामकिशोर तिवारी, भारती शिशु मंदिर के प्रबंधक रामबाबू प्रजापति, शिवानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर यादव को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक शिवप्रकाश सिंह सेंगर, प्राचार्य डॉ.एसपी गुप्ता, उपप्रबंधक जयप्रकाश सेंगर, मधु महाराज इंटर कॉलेज के प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य वंदना मिश्रा, लक्ष्मी नारायण आदि रहे।

# किशोरी का शव मिलने से फैली सनसनी

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के इंगोहटा गांव में निजी नलकूप से करीब 500 मीटर दूर एक किशोरी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझ सकेगी।

इंगोहटा गांव निवासी जयप्रकाश उर्फ पप्पू मिश्रा का निजी नलकूप है। जिसमें वह परिवार सहित रहता है। उसके चार बेटियां व दो बेटे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे वह पत्नी सहित बच्चों के साथ खाना खाने के बाद सो गए। सुबह जागने पर जब खुशी मिश्रा (16) अपने बिस्तर पर नहीं मिली तो उसकी तलाश शुरू की गई। तब उसका शव नलकूप से करीब 500 मीटर दूर बंधी किनारे पड़ा मिला। इंगोहटा चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि मृतका के शरीर पर चोट के निशान नहीं है।

# दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● नौ मई को नाबालिग से किया था दुष्कर्म, बरगदिया मोड़ के पास हुई मुठभेड़


मुठभेड़ में घायल आरोपी को ले जाती पुलिस।

**अमृत विचार।** खेतों में पिता को खाना देने जा रही किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बांदा मार्ग में बरगदिया मोड़ के पास से पुलिस पर फायर किया तो जवाब में पुलिस ने मुठभेड़ कर उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है।

बीते नौ मई को पारा गांव की एक नाबालिग किशोरी खेतों में बने नलकूप में पिता को दोपहर में खाना देने जा रही थी। तभी उसे अज्ञात युवक ने रास्ते में दबोच कर जमकर मारा पीटा था और दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। किशोरी के पिता ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को टेढ़ा मार्ग में दोपहर करीब 1:30 बजे बरगदिया मोड़ के पास मौजूद था। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार, कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा, मुख्य आरक्षी आरिफ खान, आरक्षी अमित कुमार आदि के साथ मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को आता देखकर आरोपी ने तमंचे से पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। गोली आरोपी के दाहिने पैर के नीचे लगी है।

गांवों से ज्यादा हालत खराब

दूसरे मोहल्लों में लगे हैंडपंपों से पानी भरने को मजबूर है लोग, डाली गई पाइप लाइन में पानी के दबाव से लीकेज

# शहर के कई मोहल्लों में पेयजल का संकट, मचा हाहाकार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


सिसोलर में हैंडपंप में पानी भरने के लिए ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में पानी की किल्लत से लोगों को जूझना पड़ रहा है। लाखों खर्च होने के बाद भी इस भीषण गर्मी में कई मोहल्लों के लोग पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं। वहीं मोहल्लों में लगे ज्यादातर हैंडपंप भी ठप्प पड़े हैं। जिससे लोगों को पेयजल के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पानी की समस्या के चलते गांवों से ज्यादा शहर की हालत खराब है।

जिला मुख्यालय के वार्ड 16 पुराना बेतवा घाट, कजियाना, मेरापुर, भिलावा, पठकाना सहित अन्य मोहल्लों में पेयजल की भारी किल्लत है। पुराना बेतवा घाट मोहल्ले में अमृत योजना के तहत पानी की भूमिगत पाइप लाइन बिछाई गई है। साथ ही सभी घरों में अंदर व बाहर टोटी लगाकर पानी का कनेक्शन भी दिया गया है। पेयजल के लिए यहां लाखों रुपये व्यय किए गए हैं। लगभग दो सप्ताह से स्थानीय लोगों को पानी की सुविधा नहीं उपलब्ध हो सकी। वार्ड 16 निवासी रामबाबू निषाद, सुनील, अनिल, फरीद, छंगा, गीता, सोनी, साजदा, बबली आदि ने कहा कि यहां जो पाइप लाइन डाली गई थी वह मानक विहीन है। पानी के लिए जैसे ट्यूबेल चालू की जाती है। पानी के फोर्स को यह पाइप लाइन झेल नहीं पाती है। पाइप के जोड़ों पर लीकेज होने लगता है।कहा कि लगभग दो सप्ताह से पानी सप्लाई ना होने पर पड़ोस में लगे हैंडपंप से पानी भरकर पीने को मजबूर है लेकिन गर्मी के चलते पड़ोस में लगे हैंडपंप का भी जलस्तर नीचे गिर जाने से स्थानीय लोगों को घंटो हैंडपंप चलाना पड़ता है। पानी की समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों के चक्कर लगाकर थक चुके है।

### दो गांवों में पानी का संकट, बदली गई मोटर निकली खराब

**मौदहा।** विकासखंड क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले सिसोलर गांव में इस समय पानी का भीषण संकट जारी है। यहां दो नलकूपों में एक से ही जलापूर्ति हो रही है। पानी का संकट दो सप्ताह से है। एक नलकूप को ठीक करने के नाम पर फुंकी मोटर पहुंचाने से लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है। हैंडपंपों में अब पानी के लिए मारामारी तेज है। अधिकांश गांवों में नमामि गंगे की पाइप लाइनें अभी भी सड़कों के ऊपर पड़ी हैं। पानी की आपूर्ति ही नहीं हो रही है। इसी तरह बक्छा गांव के हालात हैं। यहां क्रिटिकल फंड से दो साल पहले 25 लाख खर्च कर केन नदी के किनारे एक नलकूप स्थापित किया था, जो फेल हो गया। अब पंचायत ने दो लाख से उसी के निकट रिबोर कराया है। वहीं पाइप लाइन ठीक कराकर शुरू कराई गई आपूर्ति सीमित क्षेत्र में ही है। नमामि गंगे योजना की पाइप लाइन से पानी नहीं मिल रहा है। यहां लोग नदी से या 5-10 किलोमीटर दूर से ही पानी ला रहे हैं। सिसोलर के पूर्व प्रधान विजय शंकर प्रजापति का कहना है कि नमामि गंगा योजना का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है। एक नलकूप पूरे गांव को पानी नहीं दे पा रहा है। गांव निवासी लखन चंदेल, गोकुल व रामबाबू ने बताया हालात इतने खराब है कि अब उन्हें अपने पुराने हैंडपंपों में पानी के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है। इससे विवाद पैदा होता है। जल निगम के सहायक अभियंता शिवम त्रिपाठी ने बताया कि मोटर ठीक कराई गई थी, लेकिन चल नहीं सकी अब नई मोटर मंगाई गई है। आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उधर खैर बक्छा के प्रधान जगतपाल सिंह का कहना है कि ग्रामीण नदी का पानी पीते पीते बीमार पड़ने लगे। दो वर्ष पहले क्रिटिकल फंड से नलकूप लगाया गया और पानी के पाइप लाइन डालकर आपूर्ति शुरू की गई। वह व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई।


नाले में टूटी पड़ी पाइप लाइन। अमृत विचार

# नाला खोदाई करते समय पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

संवाददाता, कुरारा

**अमृत विचार।** कस्बे में कालपी हमीरपुर हाईवे के किनारे हो रहे नाला खोदाई में जेसीबी से पाइप लाइन टूट जाने से तीन वार्डों में पेयजल का संकट गहरा गया है। मोहल्ले के लोग दूसरे वार्डों में लगे हैंडपंपों में पानी भरने को विवश हो रहे हैं। कस्बे के आर्यावर्त बैंक के पास कालपी हमीरपुर हाईवे के किनारे हो रहे नाला निर्माण की खोदाई जेसीबी से होने से जल संस्थान की पाइप लाइन टूट जाने से कस्बा के वार्ड नंबर 9, 3, 4 वार्डों की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था धड़ाम हो गई है। जिससे इन वार्डों के लोग दूसरे वार्डों में लगे हैंडपंप से पानी भरने के लिए विवस होना पड़ रहा है। वार्ड 9 के सुनील सोनी, डॉ.बलवान सिंह गौर, विनीत श्रीवास्तव का कहना है कि पाइप लाइन टूटने से वार्ड में पानी की किल्लत बनी है।



जनसभा में गदा उठाकर हुंकार भरते सीएम योगी आदित्यनाथ। साथ में प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा व पदाधिकारी। अमृत विचार


सीएम योगी की सभा में उत्साहित युवा। अमृत विचार

# चुनाव रामभक्तों और राम विरोधियों के बीच : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी उरई में भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा के समर्थन में की चुनावी सभा

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज आतंकवाद, नक्सलवाद का अंत हो गया है। बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार जालौन के कालपी नगर का कागज उद्योग देश में अपना परचम लहरा रहा है, जिसके और विकास की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा यह चुनाव रामभक्तों और राम विरोधियों के बीच में हो रहा है। ईडी गठबंधन को न तो व्यापारी की चिंता है न किसानों की, उन्हें तो अपने परिवार की चिंता है। अयोध्या में रामभक्तों पर गोली चली तब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी और प्रदेश में सपा की, जिसे देशवासी कभी भूल नहीं पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने यह बात बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित जीआईसी उरई के मैदान में जालौन-गरौठा व भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कही। यहां योगी ने विपक्षियों पर जमकर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस व सपा ने दलित और पिछड़ों के हकों पर डकैती डालने का काम किया है। सपा और बसपा ने बुंदेलखंड को माफियाओं के हवाले कर दिया था, सपा के शासन काल में गुंडे अपने मन माफिक जमीन, प्लॉट व मकान चुन कर कब्जा कर लेते थे। वहीं गुंडे माफिया आज गले में तख्तियां लटकाकर थाने पहुंचकर जान की भीख मांग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव रामभक्तों और राम विरोधियों के बीच में हो रहा है। ईडी गठबंधन को न तो व्यापारी की चिंता है न किसानों की, उन्हें तो अपने परिवार की चिंता है। अयोध्या में रामभक्तों पर गोली चली तब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी और प्रदेश में सपा की सरकार थी, जिसे देश वासी कभी भूल नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के रहते हुए पाकिस्तान आंख उठाकर नहीं देख पा रहा है, जो पाकिस्तान कांग्रेस के शासन काल में कश्मीर मांगता था, अब मोदी की सरकार में रहम की भीख मांग रहा है। मोदी सरकार भारत की 80 करोड़ जनता को फ्री राशन दे रही है, पिछले दस सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए है, जबकि पाकिस्तान की कुल आबादी महज 23 या 24 करोड़ है, फिर भी पाकिस्तान के लोग एक-एक किलो आटा के लिए छीना झपटी करते हैं।

### युवाओं को रोजगार देने का वादा

बुंदेलखंड का नौजवान बेरोजगारी की वजह से पलायन कर रहा था। उसे अब स्थानीय स्तर पर काम मिल रहा है, बुंदेलखंड के लोगों को अब पलायन नहीं करना पड़ेगा। जिन्हें रोजगार देने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार करेगी, मोदी की सरकार में पिछले दस वर्ष में गांव, गरीब हित किसान, और नौजवानों के हित में कई विकासशील योजनाएं संचालित की गई हैं, इसी लिए देश की जनता बार बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री चुन रही है। आज लोगों को परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मोदी सरकार ने बुंदेलखंड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है।अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपस्थित जनता से आह्वान किया कि जालौन-गरौठा व भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा को वोट देकर विजयी बनाएं, जिससे भाजपा का 400 पार का नारा साकार हो सके और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाया जाए। जनसभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। इस मौके पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष उरई विजय चौधरी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जलाऊं डिस्ट्रिक्ट बैंक अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह मुन्नू, संजय अवार्ड, संजीव गुर्जर, सपन प्रताप सिंह, ऋषभ सिंह, पप्पू भैया गंधर्व पूरी, अशोक कुमार राठौर, मनोज यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# बहुजन मुक्ति पार्टी ने ईडी गठबंधन के प्रत्याशी को दिया समर्थन

- कहा, भाजपा की सरकार बनी तो संविधान और आरक्षण दोनों खत्म हो जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** बहुजन मुक्ति पार्टी ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन का ऐलान किया है। पार्टी के जिला प्रवक्ता रामबाबू चौधरी के आवास पर पार्टी कार्यालय में हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष जमुनादास बौद्ध ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार केंद्र में बनेगी तभी डॉ. भीम राव आंबेडकर द्वारा लिखा गया संविधान बच पाएगा। भाजपा की अगर अबकी बार सरकार बनी तो संविधान और आरक्षण दोनों खत्म हो जाएंगे। पार्टी के जिला प्रवक्ता रामबाबू चौधरी ने कहा कि इस बार का लोकसभा का चुनाव गरीब, दलित और दबे कुचले लोगों के सम्मान को बचाने का है, भाजपा की सरकार पूंजीवाद को बढ़ावा देकर गरीबी और बेरोजगारी बढ़ाने का काम कर रही है। बहुजन मुक्ति पार्टी की महिला विंग की जिलाध्यक्ष गुड्डन चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है। बैठक में सर्वसम्मति से लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया गया। बैठक में डकोर ब्लॉक अध्यक्ष रीता नागर, उरई नगर अध्यक्ष राम सखी, युवा विंग की जिला अध्यक्ष ममता चौधरी, उरई तहसील अध्यक्ष रानी, शहर अध्यक्ष गुड्डी तथा सदस्य सरला चौधरी, सत्यवती, शकुंतला समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।



बैठक के दौरान मौजूद बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

# हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को किया जागरूक

संवाददाता कालपी, जालौन

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के निर्देशन पर कालपी के विद्यालयों में शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चला कर जनमानस को मतदान करने के लिये जागरूक किया गया। कालपी नगर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरीगंज कालपी में प्रधानाचार्या संगीता विश्नोई तथा शिक्षिका रेखा भास्कर के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने इंदिरा नगर, हरीगंज, दमदमा, मिर्जा मंडी, काजीपुरा आदि मुहल्लों में घूम घूम मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव में दिनांक 20 मई को मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान दें।

आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या नुजहत जहां की अगुवाई में छात्राओं के द्वारा सार्वजनिक स्थानों में जनमानस से हस्ताक्षर कराकर जागरुकता अभियान चलाया गया तथा शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। स्थानीय नगर के सर्वाधिक भीड़ भाड़ वाले फुल पावर चौराहे में प्रधानाचार्या नुजहत जहां, शिक्षिकाओं चंचल, ममता वर्मा, शारदा दीक्षित, शिल्पी गुप्ता, रजनी पुरवार, अनीता वर्मा, ज्योति शुक्ला, नलिनी सिंह, राजकुमार मिश्रा, नृपत यादव की मौजूदगी में रितिका, कंचन, राशि पुरवार रहनुमा आदि छात्राओं ने सड़कों से गुजरने वाले नागरिकों से हस्ताक्षर कराकर तथा शत प्रतिशत मतदान लिखकर जागरूक किया।



हस्ताक्षर कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक। अमृत विचार


मतदान जागरुकता रैली निकातीं छात्राएं व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### मतदान के महापर्व में शामिल होने का आह्वान

**कालपी जालौन।** बुधवार को नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज कालपी की वरिष्ठ शिक्षका अपर्णा शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिये जागरुकता अभियान चलाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित के निर्देश के अनुक्रम में अपर्णा शर्मा, रंजना रानी द्विवेदी, योगशिखा कान्हेरे, सीमा , आदि शिक्षिकाओं के अलावा सेजल, हीरा, ममता, रीना, वैष्ण, आफरीन आदि छात्राओं ने विद्यालय के पास रावगंज, गणेशगंज, मोहल्लों में भ्रमण कर के मतदाताओं को जागरूक करने की नियत से हस्ताक्षर कराए। उन्होंने कहा कि आगामी 18 मई को छात्राओं के द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जायेगा तथा पीले चावल बांटकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए पोलिंग बूथों में पहुंचने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

## बाइक तोड़ी, तीन के खिलाफ एफआईआर

**कालपी(जालौन)।** 25 दिन पहले कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई, जिसमें पीड़ित पक्ष की ओर से दुर्घटना में घायल करने तथा बाद में मोटरसाइकिल को तोड़कर क्षतिग्रस्त करने के मामले में तीन नामजद लोगों के खिलाफ कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया गया है। वादी नाथूराम पुत्र हरचरण निवासी ग्राम देवकली ने कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए कहा कि 22 अप्रैल 24 की दोपहर 2 बजे वादी का पुत्र कन्हैया अपनी मोटर साइकिल से देवकली से कालपी बाजार जा रहा था। तभी आरोपी पवन पुत्र पप्पू निवासी हीरापुर अपनी मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कन्हैया की मोटरसाइकिल को आरोपी लालजी, पवन तथा पप्पू निवासी ग्राम हीरापुर उठाकर अपने गांव जबरन ले गए तथा बाइक में तोड़फोड़ की।

## सार-संक्षेप


प्रतियोगिता के सम्मानित विद्यार्थी। अमृत विचार

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सौम्या और विकास ने मारी बाजी

**माधौगढ (जालौन)।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर सौम्या यादव नुनायचा और जूनियर स्तर पर विकास कुमार राठौर माधौगढ़ ने पहला स्थान पाकर शील्ड और मैडल प्राप्त किया। नगर पंचायत माधौगढ़ के मोहल्ला जवाहरनगर रामेश्वर मंदिर के पास संचालित ऋषभ पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के परिसर में बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन लालजी राठौर की अध्यक्षता में किया गया। करीब एक सौ पचास बच्चों ने प्रतिभाग किया। संचालक एडवोकेट अखिलेश सविता ने मेधावियों को शील्ड मैडल देते हुए कहा कि शिक्षा वह मास्टर चाबी है। इससे सभी ताले खोले जाते हैं। शिक्षा के माध्यम से कोई भी बच्चा कोई भी मुकाम हासिल कर लेता है। मैनेजर सुषमा सविता और मैनजिंग डायरेक्टर दीपक सिंह ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस उन्हें आगे लाने की जरूरत है। इस मौके पर सर्वेश यादव शिवदास, रामबहादुर गौतम, महेश कुमार, ऋषभ कुमार, निधिराज, कशिश शिवहरे, मनोज शिवहरे, नौसीन वानो आदि मौजूद रहे।

### जवानों ने किया रूट मार्च

**जालौन।** अर्द्धसैनिक तथा पैरामिलिट्री व सीआई एसएफ तथा स्थानीय पुलिस ने नगर की सड़कों में पैदल गश्त किया। अतिरिक्त इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद दुबे, एसएसआई शीलवंत सिंह ने अपनी पुलिस फोर्स के साथ चुनाव संपन्न कराने आए अर्द्धसैनिक बल, पैरामिलिट्री पुलिस फोर्स के साथ मिलकर नगर में फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च नगर कोतवाली से शुरू होते हुए देव नगर चौराहा रोड से कांजी हाउस से तहसील रोड बस स्टैंड बैठगंज से होते हुए झंडा चौराहा छत्रसाल रोड बड़ी माता मंदिर छोटी माता मंदिर होते हुए सब्जी मंडी से घूम कर छत्रसाल रोड होते हुए कोच चौराहे तक पहुंचा। फ्लैग मार्च से सड़कों पर पड़ी धूल उड़ती नजर आई तो वही अराजक तत्वों में खलबली मच गई। अर्ध सैनिक बल ने मतदाताओं को उनकी सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए संदेश दिया कि वह निर्भय और निडर होकर अपना मतदान करें।

### शांतिभंग में दो युवकों को पकड़ा

**जालौन।** मोहल्ले वासियों के साथ गाली-गलौज कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया। कैथ निवासी राजकुमार द्वारा गांव में शराब पीकर उत्पाद मचाया जा रहा था जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने फोन पर डायल 112 पर की। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# बकरी को डूबने से बचाने में युवक तालाब में कूदा, मौत

संवाददाता माधौगढ़

**अमृत विचार।** गोहन कस्बा निवासी युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह बकरी को बचाने तालाब में कूदा था।

बुधवार को 1 बजे गोहन निवासी सुनील वाल्मीकि पुत्र स्व. विनोद वाल्मीकि खेतों पर बकरियां चरा रहा था। बकरियों को पानी पिलाने तालाब ले गया। इस दौरान एक बकरी पानी में चली गई जिसे बचाने के चक्कर में सुनील तालाब में कूद गया। तालाब में पानी अधिक होने के कारण सुनील डूब गया और उसकी मृत्यु हो गई। सुनील के तीन पुत्रियां हैं, जिसमें बड़ी पुत्री लगभग 23 वर्ष की है। बकरियां बेंचकर वह अपनी पुत्री की शादी करने की तैयारी कर रहा था। शादी करने से पहले ही सुनील की मृत्यु हो गई। परिवार में अकेला सुनील ही कमाने वाला था। सूचना पर गोहन थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, चालक घायल

**जालौन।** तेज रफ्तार डंपर चालक ने आगे जा रहा एक डंपर को पीछे से मारी टक्कर जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को उपचार के लिए राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। टक्कर से डंपर का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक जितेंद्र घोष उसमें फंस गया। क्लीनर ब्रज किशोर को भी चोट आईं।

# पानी की टंकी बनी पर नहीं मिला जल

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** सरकार द्वार घर-घर जल पहुंचाने के लिए चलाई गई नमामि गंगे परियोजना ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी साबित हो रही है। इस योजना के तहत जालौन तहसील के गिधौषा में दो साल पहले पानी की टंकी का निर्माण हुआ था, पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए गांव के सभी रास्ते खोद दिए गए मगर अभी तक खुदे रास्तों की मरम्मत नहीं हो सकी है, इसके साथ ही दो साल में ग्रामीणों को इस योजना से एक बूंद पानी नसीब नहीं हो सका। लोकसभा चुनाव की वजह से आनन-फानन में पीने के पानी की आपूर्ति शुरू की गई, जिससे आधे गांव की आबादी को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण लोग इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे है। ग्राम गिधोसा निवासी कृष्ण कुमार प्रजापति, सोनू गुर्जर, महेंद्र कुमार, राजाराम, सुरेश समेत एक दर्जन लोगों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि उनके गांव में लगभग 2 वर्ष बीतने को हैं जहां नमामि गंगे योजना के तहत गांव में निर्धारित साइज से कम चौड़े पाइप की लाइन डाली गई थी जिससे आधे से ज्यादा गांव में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।


गिधौसा में दो साल पहले बनी पानी की टंकी।

लापरवाही — जालौन के कैथ गांव का मामला, जानकारी के बाद भी विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# खंभा झुकने के बाद बिजली की समस्या

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम कैथ में बिजली का पोल टूटकर झुक गया है, जिससे आधा गांव गर्मी से बेहाल हो रहा है। शिकायत करने के बाद भी एक सप्ताह बीत जाने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग की है।

एक सप्ताह पूर्व कैथ में शंकरजी मंदिर के पास गांव की मेन लाइन का एक खम्मा टूट गया था, जिससे तार लटक गया और खंभा झुक गया। इसके चलते बिजली आपूर्ति ग्रामीणों ने बंद करवा दी तथा इसकी सूचना विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों से की थी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अगर आधा टूटा हुआ पोल नीचे गिर जाय तो कोई बड़ी घटना घट सकती है और बिजली न आने से सैकड़ों लोग गर्मी से बेहाल हैं।

ग्रामीण जितेंद्र गुर्जर, प्रदीप, अनूप कुमार, ईश्वर दयाल, धर्मेंद्र झा, सुबोध, श्याम किशोर, राजू, राजेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी से समस्या का शीघ्र निदान की मांग की है।


कैथ गांव में टूटकर झुका खंभा। अमृत विचार

### 15-16 घंटे की हो रही बिजली कटौती

नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से लोग गर्मी से परेशान तथा आयेदिन बिजली विभाग के अधिकारियों से तू-तू, मैं-मैं, लेकिन इसके बावजूद विभाग के लोगों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। एक सप्ताह से 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर खराब या फाल्ट के नाम पर हो रही दिन में 15 से 16 घंटे की कटौती के कारण गर्मी के मौसम में लोग बेहाल हो रहे हैं।

### केबल में आग लगने से कई मोहल्लों की बिजली बंद

**उरई (जालौन)।** गर्मी का तापमान जैसे-जैसे दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे बिजली की व्यवस्था खराब होती जा रही है। आये दिन विद्युत लाईनें टूट कर गिर रहीं है या अधिक लोड पड़ने के कारण विद्युत लाइनों में आग लग रही है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न आने की वजह से पेयजल संकट भी पैदा होता जा रहा है। बीते दिन शहर के मोहल्ला हजारीपुरा में विद्युत पोल की केबल में आग लग गई। इससे केबल कई टुकडों में जलकर सड़क पर जा गिरी। केबल जलने से लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं।

# नव मतदाता बोले, विकास के नाम पर होगा उनका वोट

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** 20 मई को होने जा रहे पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट करने जा रहे वोटरों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। वह वोट वाले दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह भी अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देकर दिल्ली भेज सकते हैं। जालौन नगर के मोहल्ला चुरखी बाल निवासी आयुष द्विवेदी कहते हैं कि वह पहलीबार वोट करेंगे इसलिए बहुत खुश हैं तथा वह मतदान वाले दिन का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह उस प्रत्याशी को वोट देंगे जो राष्ट्रहित तथा जनहित में कार्य करेगा तथा लोगों की समस्या का समाधान शीघ्र करेगा। उन्हें प्रत्याशी से उम्मीद रहेगी कि वह गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के लिए अपनी पूरी संविधान में निहित शक्तियों का प्रयोग करे।


आयुष


खुशी

बीए सेकंड की छात्रा खुशी बाथम ने कहा कि उनका नाम पहली बार मतदाता सूची में नाम शामिल हुआ है। वह पहली बार मतदान करेंगी, जिसका उन्हें इंतजार है। उसके मन में बड़ी जिज्ञासा इस बात की है कि वोट डालते समय किस किस कार्रवाई से गुजरना पड़ता है, उन्हें मालूम नहीं है। खुशी बाथम का कहना है कि वह उस प्रत्याशी को वोट देंगी जो देश की चिंता तथा युवाओं की बेरोजगारी की लड़ाई लड़ेगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम परशुराम पुत्र गंगाराम जो कि गलत है। मेरा सही नाम **परशुराम विश्वकर्मा पुत्र गंगाराम नि0-ग्राम- अमदही (खलहनपुरवा) पो0-अमदही, वि0ख0 बेलसर थाना-उमरीबेगमगंज तह0-तरबगंज जिला-गोण्डा** है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम हाई स्कूल अंक पत्र में मोहम्मद आमिर कामरान सिद्दीकी है और पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में मोहम्मद आमिर कामरान है। दोनों ही नाम मेरे हैं इस नाम व पता का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। मेरा वास्तविक नाम **मोहम्मद आमिर कामरान पुत्र मोहम्मद अब्दुल हई सिद्दीकी, निवासी- मोहल्ला- मुबारकपुर टीला, कन्नौज** है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रामदीन उर्फ कल्लू पुत्र महावीर, निवासी- बन्दीपुर, मल्लवां, जिला हरदोई उ0प्र0** मेरे भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी मे नाम रामदीन दर्ज है, जिसकी पॉलिसी संख्या- 223670188 है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी शैक्षिक व मूल दस्तावेजो पर मेरा नाम कल्लू दर्ज है। अतः मेरी जीवन बीमा पॉलिसी मे अंकित नाम रामदीन तथा आधार कार्ड एवं अन्य सभी शैक्षिक व मूल दस्तावेजो पर अंकित नाम कल्लू दोनो एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे है इस नाम का अन्य कोई दूसरा व्यक्ति नही है। मुझे इन दोनो नाम रामदीन उर्फ कल्लू दोनो नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**तलाश गुमशुदा**
**शान्ती देवी बालिग पत्नी अमिरका प्रसाद निवासी पूरेप्रसाद थाना सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया जनपद श्रावस्ती ...अभियोगी**
मेरे पति अमिरका प्रसाद पुत्र राम धीरज साकिन पूरे प्रसाद, वि0 खण्ड- सिरसिया- जनपद-श्रावस्ती सन् 1997 में मजदूरी के सिलसिले मे बम्बई गये थे और वहाँ जाने के बाद कोई सम्पर्क एक साल तक नही हुआ तब मेरी मुवक्किला अपने रिश्तेदारो के साथ बम्बई जाकर उनके सम्भावित स्थानो पर तलाश किया तो उनका कही पता नही चल रहा है और न ही उनकी कोई खोज खबर है मैने उनके सम्बन्ध मे प्रत्येक संभावित स्थानो पर तलाश किया परन्तु उनका कही पता नहीं चल पा रहा है मैने इसकी सूचना थाना सिरसिया मे कई बार दिया परन्तु गुमशुदगी की रिर्पोट नही दर्ज की गयी । **- शान्ती देवी बालिग पत्नी अमिरका प्रसाद, निवासी- पूरेप्रसाद थाना सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया, जनपद- श्रावस्ती**

